# यूपी देश का ग्रोथ इंजन, 10 लाख करोड़ का निवेश लक्ष्य

## 10-12 फरवरी को लखनऊ में होगी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट


**सीएम योगी ने कहा**
**यूपी में दुनिया के निवेशकों का स्वागत**

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि उत्तर प्रदेश देश के विकास का इंजन है। सरकार ने राज्य में 10 लाख करोड़ रुपये के विदेशी निवेश का लक्ष्य रखा है। इसके लिए अगले साल लखनऊ में वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन (ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट) आयोजित होगा। इससे पहले, निवेशकों को आकर्षित करने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से आने वाले दिनों में 20 देशों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें राज्य के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।

दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित सुषमा स्वराज भवन में मंगलवार को एक कार्यक्रम में 'यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023' की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने दुनियाभर के निवेशकों से यूपी की बदली परिस्थितियों का लाभ उठाने का आह्वान किया। विभिन्न देशों के राजदूतों, उच्चायुक्तों, उद्यमियों और निवेशकों की उपस्थिति में योगी ने बदले यूपी की तस्वीर पेश की।

उन्होंने कहा कि नीतिगत बदलाव के साथ ही ढांचागत सुविधाओं में व्यापक सुधार किया गया है। हवाई क्षेत्र से लेकर सड़क, जल और रेल नेटवर्क को सुविधाजनक बनाया गया है। देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य में सबसे बड़ा श्रम और उपभोक्ता बाजार है जो औद्योगिक विकास के अनुकूल है।



**लोगो का अनावरण, पोर्टल लांच** मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट -2023 के लोगो का भी अनावरण किया। साथ ही निवेशकों की सहूलियत के लिए ऑनलाइन इंसेंटिव मैनेजमेंट पोर्टल और कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट पोर्टल (निवेश सारथी) का भी शुभारंभ किया। - एजेंसी

### राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश प्रगतिशील परिवर्तनकारी यात्रा के शिखर पर है। प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत की सोच इस कायाकल्प का प्रमुख स्तंभ है। भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प में राज्य ने अपने लिए एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य रखा है।

### समिट के लिए अब तक 40 देशों से संपर्क

मुख्यमंत्री ने बताया कि अगले साल लखनऊ में 10 से 12 फरवरी तक आयोजित होने वाले समिट में निवेशकों के आमंत्रित करने के लिए दुनिया के चालीस देशों से संपर्क किया जा चुका है। 21 देशों ने सहभागिता की सहमति जताई है।

- नीदरलैंड, डेनमार्क, सिंगापुर, फ्रांस, ब्रिटेन और मॉरीशस पार्टनर देश के रूप में शामिल होंगे।
- समिट के प्रचार के लिए सरकार 18 देशों और देश के 7 प्रमुख नगरों में रोड शो भी आयोजित करेगी।

>> फ्रेट कॉरिडोर से एक्सप्रेसवे तक में अव्वल यूपी : पेज 8